(क) जी नहीं। उल्लिखित पत्र दिनांक 14 नवम्बर, 2017 के द्वारा मात्र 58 प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किए गए थे।

(ख) प्रेषित 58 प्रस्तावों की सूची परिशिष्ट-1 पर संलग्न है, जिसमें स्थान, जनपद एवं धनराशि उल्लिखित है। इसमें से अब तक निम्नलिखित 04 प्रस्तावों को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिनका विवरण परिशिष्ट -2 पर संलग्न है।

- ग्राम पंचायत ढिढुई, विकास खण्ड पट्टी, जनपद प्रतापगढ
- ग्राम पंचायत-धरौली, विकास खण्ड बनीकोडर, जनपद बाराबंकी
- ग्राम पंचायत-मितली, विकास खण्ड बागपत, जनपद – बागपत
- ग्राम-मकसूदाबाद, विकास खण्ड कल्याणपुर, जनपद- कानपुर नगर

शेष प्रस्ताव बिना स्वीकृति के भारत सरकार द्वारा वापस किए जा चुके हैं।

(ग) जी हाँ । उल्लिखित पत्र दिनांक 14 जून, 2018 द्वारा पुन: 110 प्रस्ताव भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित किये गये।

(घ) जी नहीं। खेलो इण्डिया योजना युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित योजना है। अत: प्रस्तावों पर स्वीकृति भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।

(ङ.) प्रश्न नहीं उठता।

**गिरीश चन्द्र यादव राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)**
**युवा कल्याण विभाग**